# RAEBARELI POLICE

**प्रेस नोट दिनांक 26.12.2025**

## थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा ऑनलाइन ठगी के 04,37,631/- रुपये खाते में वापस कराये गये-

शिकायतकर्ता 1.आलोक कुमार थाना कोतवाली नगर रिफण्ड 49998/- 2. शैलेन्द्र तिवारी थाना भदोखर रिफण्ड 310000/-, 3. प्रमोद कुमार गुप्ता थाना ऊंचाहार रिफण्ड 1059/-, 4. राजेश कुमार थाना ऊंचाहार रिफण्ड 16988/-5. संजय तिवारी थाना कोतवाली नगर रिफण्ड 59586/- रायबरेली के साथ ऑनलाइन साइबर ठगी हुई थी। जिसके बाद पीड़ित ने 1930 पर कॉल करके ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी पुलिस अधीक्षक रायबरेली द्वारा प्राप्त प्रार्थना-पत्र के आधार पर साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद रायबरेली को तत्काल आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। साइबर क्राइम पुलिस थाना रायबरेली द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए संदिग्ध बैंक खातों को सीज कराते हुए शिकायतकर्ताओं की **4,37,631/- (चार लाख सैंतीस हजार छ सौ इक्कतीस) रुपये** की धनराशि वापस करायी गयी।

बरामद कराने वाली पुलिस टीम-

**प्रभारी निरीक्षक अजय सिंह तोमर मय साइबर क्राइम थाना पुलिस टीम**

*रायबरेली पुलिस द्वारा आम जनमानस से अपील की जाती है कि अपने खाते से सम्बंधित या अन्य ओ.टी.पी./पासवर्ड आदि व्यक्तिगत/गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें तथा लुभावने ऑफर आदि को बिना जाँचे परखे किसी लिंक या अप्लीकेशन पर भुगतान न करें, यह ऑनलाइन धोखाधड़ी का तरीका हो सकता है। आप स्वयं जागरुक रहे तथा अपने आस-पास के अधिक से अधिक लोगों में यह जानकारी साझा करें जिससे किसी भी व्यक्ति के साथ धोखाधडी न हो सके।*

मीडिया सेल रायबरेली